संख्या- 10/ 1151/22-4-14-48(9)/10

प्रेषक,

आर0 के0 द्विवेदी
उप सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग 4 लखनऊ दिनांक-01 अक्टूबर, 2014

विषय- जिला कारागार, मुरादाबाद को शहर की घनी आबादी के बाहर स्थानान्तरित किये जाने तथा नवीन जिला कारागार, मुरादाबाद के निर्माण हेतु भूमि की व्यवस्था के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 24788/नम-2, दिनांक- 02 सितम्बर, 2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिला कारागार, मुरादाबाद को शहर की घनी आबादी के बाहर स्थानान्तरित किये जाने तथा नवीन जिला कारागार, मुरादाबाद के निर्माण हेतु ग्राम-सिरस खेडा, जनपद-मुरादाबाद की 40.334 हे0 भूमि की लागत रू0 26,89,87,446/-(रूपया छब्बीस करोड. नवासी लाख सत्तासी हजार चार सौ छियालिस मात्र) में से जिलाधिकारी, मुरादाबाद के कोष में जमा धनराशि रू0 1,86,50,735/- को समायोजित करने के उपरान्त अवशेष कुल रू0 25,03,36,711/-(रूपया पच्चीस करोड तीन लाख छत्तीस हजार सात सौ ग्यारह मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष जिलाधिकारी, मुरादाबाद को रू0 20,00,00,000/-(रूपया बीस करोड मात्र) की धनराशि दिये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि उक्त भूमि की अधिग्रहण नये भूमि अर्जन अधिनियम के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

2- उक्त स्वीकृति धनराशि का व्यय सुसंगत नियमों/शासनादेशों में विहित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

3- इस निमित्त होने वाले व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय- व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4070-प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय -800-अन्य व्यय-08-कारागारों का निर्माण-24- वृहत् निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा और उक्त लेखाशीर्षक/ मद में उपलब्ध प्रावधान से वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-1528/दस-2014, दिनांक-29 सितम्बर, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

संख्या-10/1151(1)/22-4-14-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) प्रधान महालेखाकार(सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) प्रबंध निदेशक,, सी0एण्ड डी0एस0 जल निगम लि0, लखनऊ।
(3) जिलाधिकारी, मुरादाबाद।
(4) मुख्य कोषाधिकारी ,जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) निदेशक, वित्तीय सांख्किीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(6) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1/2
(7) गार्ड फाईल।

आज्ञां से,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in